संपादकीय

# चंदे की वाजिब चिंता

ऐसे मामलों में पारदर्शिता लाने की एक दशक पहले ही हुई पहल उलटी दिशा में मुड़ते हुए अब काफी आगे बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स का चलन बढ़ने के बाद तो इस मसले से जुड़े बाकी पहलुओं पर बात करना भी बेमतलब मालूम पड़ने लगा है। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक चंदे पर जो पहल की है, वह स्वागतयोग्य है। ये दीगर बात है कि इस पहल के सफल होने की न्यूनतम संभावना है। इसलिए कि ऐसे मामलों में पारदर्शिता लाने की एक दशक पहले ही हुई पहल उलटी दिशा में मुड़ते हुए अब काफी आगे बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स का चलन बढ़ने के बाद तो इस मसले से जुड़े बाकी पहलुओं पर बात करना भी बेमतलब मालूम पड़ने लगा है। आखिर जब करोड़ों के चंदे के बारे में गोपनीयता का प्रबंध कर लिया गया है, तो दो हजार या 20 हजार रुपये की आखिर क्या औकात रह गई है। फिलहाल राजनीतिक अनुदान में कालेधन पर रोक के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त का कानून मंत्रालय को पत्र लिखा है। पत्र में नकदी चंदे को 20 प्रतिशत या अधिकतम 20 करोड़ (जो भी कम हो) की सीमा तक करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने बेनामी चंदे को 20 हजार से घटकर दो हजार करने की भी बात कही है। चुनाव आयोग के प्रस्ताव को लागू करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव करना होगा। निर्वाचन आयोग ने प्रस्ताव दिया है कि राजनीतिक दलों के लिए एक बार में मिलने वाले नकद चंदे की अधिकतम सीमा 20 हजार रुपये से घटाकर दो हजार रुपये की जाए और कुल चंदे में नकद की सीमा अधिकतम 20 प्रतिशत या 20 करोड़ रुपये तक सीमित की जाए, ताकि चुनावी चंदे से कालेधन से मुक्त किया जा सके। मकसद और सुझाव दोनों बेहतर हैं। मगर मौजूदा माहौल में ये महज एक रस्म-अदायगी मालूम पड़ते हैं। आयोग की ओर से यह कदम उस वक्त उठाया गया है, जब हाल ही में उसने 284 ऐसे दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया था, जो नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। मगर समस्या यह है कि ऐसी कार्रवाइयों की आंच बड़े दलों तक नहीं पहुंचती, जिनके पास कानूनों को अपने ढंग से ढालने और जांच एजेंसियों को निर्देशित करने की शक्ति होती है। इसलिए चंदे से जुड़ी जो संस्थागत अपारदर्शिता होती है, वह कायम रहती है।

# देश के सबसे बड़े धनकुबेर बने गौतम अडानी



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडानी 10,94,400 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश के सबसे बड़े धनकुबेर बन गये हैं। पांच वर्षों में उनकी संपत्ति 15/4 गुना बढ़ी है।

अडाणी ने इस मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। आज जारी आईआईएफएल वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2022 में देश के कुल 1103 अरबपति शामिल है जिनकी संपत्ति एक हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें 96 व्यक्ति पहली बार शामिल हुये है। बुधवार को जारी रिच लिस्ट 2022 के अनुसार अडाणी ने प्रतिदिन 1,600 करोड़ रुपये जोडक़र रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी को पछाड़ दिया। अंबानी की कुल संपत्ति 7,94,700 करोड़ रुपये के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं। अंबानी वर्ष 2021 में अडाणी की कुल संपत्ति से दो लाख करोड़ रुपये आगे थे लेकिन वर्ष 2022 में अडाणी उनसे तीन लाख करोड़ रुपये निकल गये।

रिपोर्ट के अनुसार साइरस पूनावाला अपनी संपत्ति में 41,700 करोड़ रुपये जोड़ते हुए 2,05,400 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। सॉफ्टवेयर क्षेत्र में काम करने वाले शिव नडार 1,85,800 रुपये की कुल संपत्ति के साथ सूची में चौथे स्थान पर रहे। इसके साथ ही वह दिल्ली के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। राधाकृष्ण दमानी को सूची में पांचवा स्थान मिला है उनकी कुल संपत्ति 1,75,100 करोड़ रुपये जबकि विनोद शांतिलाल अडाणी की कुल संपत्ति 1,69,000 करोड़ रुपये है जिससे वह छठे स्थान पर हैं।

हिंदुजा समूह के एसपी हिंदुजा 1,65,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सातवें स्थान पर है। इसी तरह 1,51,800 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ एलएन मित्तल आठवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार सन फार्मा के दिलीप संघवी 1,33,500 की कुल संपत्ति के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहे जबकि कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक 1,19,400 करोड़ रुपये के साथ 10वां स्थान बनाने में कामयाब रहे। ये दोनों नाम पहली बार टॉप 10 में शामिल हुए हैं। इस सूची में 12 लोग ऐसे हैं जिनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

इस सूची में 185 अरबपति हैं जिनकी संपत्ति 13.90 लाख करोड़ रुपये है। इस सूची भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों का संकलन है, जिनके पास 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति है। आईआईएफएल वेल्थ के संयुक्त सीईओ अनिरुद्ध तपारिया ने कहा,' देश में दिल्ली सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और रिच लिस्ट 2022 में 185 अरबपति राजधानी से होना कोई हैरान कर देने वाली बात नहीं है। महिला धन सृजनकर्ताओं का योगदान लगातार बढ़ रहा है और विशेष रूप से दिल्ली में 12 महिला उद्यमी हैं जिन्होंने इस बार अमीरों की सूची में अपना स्थान हासिल किया है।

हुरुन इंडिया के प्रबंधन निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि आईआईएफएल वेल्थ हुरुन दिल्ली रिच लिस्ट में प्रवेश करने वालों की संख्या दस साल में 25 से बढक़र 185 हो गई है। उन्होंने कहा,' यूक्रेन युद्ध हो या मुद्रास्फीति दबाव के बावजूद देश के विकास की कहानी सभी बाधाओं के विपरीत जारी है क्योंकि 149 व्यक्तियों ने आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया की 1,103 की अमीर सूची में प्रवेश किया, जिनके पास कुल मिलाकर 100 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है।'

# फेड ने बढ़ाई ब्याज दर, अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा-20 साल के हाई पर डॉलर



**नई दिल्ली ।** डॉलर के मुकाबले रुपया आज अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। गुरुवार को रुपया 80.27 पर खुला और शुरुआती ट्रेंड में यह 80.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ डॉलर 20 साल के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बता दें, बुधवार को एक डॉलर की कीमत 79.98 रुपये थी।


डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत गिरने की एक बड़ी वजह यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों को बढ़ाया जाना है। बुधवार को यूएस फेड ने मंहगाई को नियंत्रित करने के 0.75 बेसिस प्वाइंट ब्याज दर बढ़ाया था। इससे पहले जुलाई में भी यूएस फेड के द्वारा ब्याज दरों में इजाफा किया गया था। बता दें, रुपये की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए केंद्रीय बैंक ने जुलाई में 19 अरब डॉलर के रिजर्व को बेच दिया था। लेकिन स्थिति बहुत बेहतर नहीं हुई है।

इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.88 प्रतिशत चढक़र 111.61 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.49 प्रतिशत बढक़र 90.27 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 461.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भारत ने 15 साल बाद इंग्लैंड में जीती एकदिवसीय शृंखला

**कैंटरबरी।** भारत ने हरमनप्रीत कौर (143 नाबाद) के विशाल शतक के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (57/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को दूसरे महिला वनडे में 88 रन से हराकर 15 साल बाद ब्रिटिश सरजमीन पर एकदिवसीय शृंखला जीती। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाये, जिसके जवाब में इंग्लैंड 245 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की और 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में एकदिवसीय सीरीज जीती। हरमनप्रीत ने भारत के लिये कप्तानी पारी खेलते हुए 111 गेंदों पर 18 चौकों और चार छक्कों की बदौलत 143 रन बनाये। उनका साथ देते हुए हरलीन देओल ने भी 58 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से डेनियल वायट ने 58 गेंदों पर छह चौकों के साथ 65 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन रेणुका की गेंद पर उनका विकेट गिरने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदों पर पूर्ण विराम लग गया।

# वेयरहाउसिंग लेन-देन रिकॉर्ड उच्च स्तर पर : नाइट फ्रैंक



**नई दिल्ली ।** देश के प्रमुख आठ शहरों में वित्त वर्ष 2021-22 में वेयरहाउसिंग की लीज 5.13 करोड़ वर्ग फुट के साथ रिकॉर्ड स्तर पर रही।

रियल स्टेट क्षेत्र में परामर्श देने वाली एजेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी इंडिया वेयरहाउसिंग मार्केट रिपोर्ट-2022 में कहा कि लीजिंग लेनदेन ने 62 प्रतिशत वार्षिक आधार पर वृद्धि के साथ कोरोना-पूर्व स्तर को पार करते हुए विस्तार योजनाओं को पुनर्जीवित किया।

रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 91 लाख वर्ग फुट और मुंबई में 86 लाख फुट वेयरहाउसिंग के लिए लेन देन हुआ जबकि पुणे और हैदराबाद में वार्षिक आधार पर लीज में क्रमश: 166 और 128 प्रतिशत की वृद्धि हुयी।

वेयरहाउसिंग क्षेत्र में बैंगलोर में लेन-देन 38 प्रतिशत बढक़र 59 लाख वर्ग फुट, अहमदाबाद में 81 प्रतिशत बढक़र 53 लाख वर्ग फुट, चेन्नई में 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 51 लाख वर्ग फुट और कोलकाता में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 43 लाख वर्ग फुट रहा।

नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार लगभग सभी क्षेत्रों ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान वेयरहाउसिंग की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि का प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट में भारत में 18 द्वितीयक बाजारों में वेयरहाउसिंग गतिविधियों का आकलन किया है।

रिपोर्ट के अनुसार 3पीएल क्षेत्र में सबसे अधिक1.49 करोड़ वर्ग फुट का लेन-देन हुआ जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। जबकि अन्य उत्पादन क्षेत्र में 1.4 करोड़ वर्ग फुट, ई-कॉमर्स में 1.16 करोड़ वर्ग फुट, खुदरा में 56 लाख वर्ग फुट, अन्यों में 2.5 लाख वर्ग फुट, एफएमसीडी में 15 लाख वर्ग फुट और एफएमसीजी में 12 लाख वर्ग फुट वेयरहाउसिंग लीज का लेन-देन हुआ।

# युवा खिलाड़ियों की मेहनत वरिष्ठों को प्रेरित करती है : सुशीला




**बेंगलुरु ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी सदस्य सुशीला चानू ने दिसंबर में होने वाले नेशन्स कप की तैयारियों के बीच युवा खिलाडिय़ों की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से वरिष्ठ खिलाडिय़ों को भी प्रेरणा मिलती है।

सुशीला ने कोर ग्रुप में शामिल हुए नये खिलाडिय़ों की प्रशंसा करते हुए कहा, युवाओं का एक समूह है जो हर दिन प्रशिक्षण में अपना 100 प्रतिशत दे रहा है। यह देखकर अच्छा लगता है कि वे हमें भी अच्छा करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में हम टीम में अपनी जगह को लेकर लापरवाह नहीं हो सकते। हमें भी यह दिखाने की जरूरत है कि हम बड़े टूर्नामेंट खेलने की तैयारी में हैं। मेरे अनुसार यह आंतरिक प्रतिस्पर्धा टीम के लिये अच्छी है और हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

भारतीय महिलायें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शानदार प्रदर्शन के बाद स्पेन के वैलेंसिया में होने वाले नेशन्स कप के लिये बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) में तैयारी कर रही है। भारत को पूल बी में कनाडा, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है जबकि इटली, आयरलैंड, कोरिया और स्पेन पूल ए में हैं। सुशीला ने अपने अगले अभियान की तैयारियों के बारे में कहा, हमारे पास एफआईएच विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेल 2022 सहित पिछली दोनों प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन पर आत्मनिरीक्षण करने के लिए साई में बहुत समय है। हम अब एक नये दृष्टिकोण के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं और उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनमें हम इन दो आयोजनों के दौरान चूक गये।

लगातार दो ओलंपिक खेलों में टीम का हिस्सा रही सुशीला ने कहा कि फिटनेस टीम के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है।

# गुजरात की टेबल टेनिस टीम ने जीता स्वर्ण पदक



**सूरत।** गुजरात की पुरुष टेबल टेनिस टीम ने 36वें राष्ट्रीय खेलों के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना स्वर्ण पदक जीत लिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खिताब की दावेदार गुजरात की पुरुष टेबल टेनिस टीम ने आज यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया जबकि महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने महाराष्ट्र को हराकर पहला स्थान हासिल किया। सात साल बाद हो रहे राष्ट्रीय खेलों में ये पहले स्वर्ण पदक मैच थे।

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने सेमीफाइनल में हार के बाद पुरुषों के वर्ग कांस्य पदक जीते जबकि तमिलनाडु और तेलंगाना ने महिलाओं के वर्ग में कांस्य पदक जीता।

पुरुषों के टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त गुजरात प्रतियोगिता की शुरुआत से ही शानदार फॉर्म में था और एकमात्र सवाल यह था कि क्या दिल्ली कम से कम जोरदार मुकाबला कर सकती है। घरेलू टीम का दबदबा इतना अधिक था कि उसने एक भी रबर नहीं गंवाया और पदक तालिका में अपने राज्य का खाता खोला।

फाइनल में जाने के बाद गुजरात ने एकमात्र बदलाव यह किया कि मानव ठक्कर ने पहले एकल मैच में कप्तान हरमीत देसाई की जगह ली। ठक्कर ने शुरुआती सेट में सुधांशु ग्रोवर पर दबदबा बनाया। हालांकि दिल्ली के इस पैडलर ने अगले दो सेटों में जोरदार मुकाबला किया, लेकिन वह पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर-1 से आगे निकल नहीं निकल सके और सीधे सेटों में 11-3, 13-11, 14-12 से हार गए।

# सैफ अली खान के साथ काम करने में बेहद सहज हैं राधिका आप्टे



आगामी फिल्म 'विक्रम वेधा' में तीसरी बार सैफ अली खान के साथ नजर आने वाली अभिनेत्री राधिका आप्टे का कहना है कि वह अभिनेता के साथ काम करने में बहुत सहज हैं, सैफ के साथ वह 'सेक्रेड गेम्स' और 'बाजार' में पहले भी काम कर चुकी हैं। राधिका ने कहा, मैंने 'विक्रम वेधा' को चुना क्योंकि मुझे वास्तव में इस विषय का आनंद मिला, मैंने मूल को देखा, दक्षिण वाला। साथ ही निर्देशक बहुत अद्भुत हैं, और जिस कास्ट के लिए मुझे उनके साथ काम करने का मौका चाहिए था। सैफ के साथ काम करना बहुत अच्छा है, उनके साथ यह मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है। मैं उनके साथ काम करने में बहुत सहज महसूस करती हूं, और मैं वास्तव में उन्हें एक व्यक्ति के रूप में पसंद करती हूं, वह बहुत मजाकिया है और जब भी मैं उनसे मिलती हूं तो दिलचस्प बातचीत होती है। इसके बाद उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ काम करने की बात कही। और मैं पहली बार ऋतिक से मिली और मेरे पास उनके साथ एक दृश्य था और यह वास्तव में बहुत प्यारा था, हां। मुझे वह पसंद है जो निर्देशक फिल्म में कहने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे उनकी शैली पसंद है और हमारा सहयोग वास्तव में एक बहुत प्यारा अनुभव था। 'विक्रम वेधा' पुष्कर-गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन-थ्रिलर है। 'विक्रम वेधा' की कहानी ट्विस्ट और टर्न से भरी है, क्योंकि एक सख्त पुलिस वाला विक्रम (सैफ अली खान) एक खूंखार गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) को ट्रैक करने और उसका पीछा करने के लिए निकलता है।

# निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ करेंगे काम



बेहतरीन एक्शन थ्रिलर और रोमांटिक ड्रामा के लिए मशहूर निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन अगली बार तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। गौतम मेनन ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी तमिल फिल्म वेंधु थानिंधधु काडू के प्रचार के लिए आयोजित एक बातचीत के दौरान इसका खुलासा किया। गौतम मेनन ने कहा कि, वह अगले साल एक नई फिल्म में राम पोथिनेनी का निर्देशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, निर्माता श्रवण रवि किशोर लंबे समय से राम पोथिनेनी और उनके बीच एक सेतु थे। दरअसल, द लाइफ ऑफ मुथु कहे जाने वाले वेंधु थानिंधधु काडू का तेलुगु वर्जन श्रावंथी रवि किशोर ने श्रावंथी मूवीज के बैनर तले रिलीज किया था।

# यूपी, बिहार की मशहूर डिश 'दाल पीठा'



दाल पीठा या दाल फरे चावल के आटे या गेहूं के आटे से बनने वाली बहुत ही लजीज डिश है। जिसे चना दाल की स्टफिंग के साथ बनाया जाता है। तो कैसे घर में इसे बना सकते हैं, ये रही उसकी रेसिपी।

## सामग्री :

**पीठा की सामग्री-** 1 1/2 कप चावल, 1 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक और 1 बड़ा चम्मच तेल

**भरावन की सामग्री-** 1 कप चना दाल, 1 छोटा चम्मच साबुत जीरा, 1 छोटा चम्मच अदरक कसा हुआ, 3-4 हरी मिर्च बारीक कटी, 1/4 कप हरा धनिया बारीक कटा, 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 2 छोटा चम्मच भुना जीरा, 1/2 छोटा चम्मच अमचूर, 2 छोटे चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक

## विधि :

- पैन में तेल गरम करें। इसमें दाल, नमक व भरावन के सभी मसाले डालें व इसे धीमी आंच पर भुनते हुए पकाएं। इसमें हरा धनिया मिलाएं। दो घंटे के लिए चावल भिगो लें पानी निकाल कर ग्राइंडर में फाइन पाउडर बनाएं। चना दाल को रातभर भिगो कर रखें। सुबह इसका पेस्ट बना लें। सुबह इसका पेस्ट बना लें। पैन में एक कप पानी डालें और नमक व तेल डाल कर उबालें। अब इसमें चावल का पाउडर मिलाएं और 10 मिनट तक पकाएं। चिकनाई लगी थाली में इस मिश्रण को निकाल लें। इसे अच्छी तरह गूंथ लें। इसके गोले बनाएं। दाल का भरावन भर कर बंद करें। सांचों में इन्हें रखें और 10 मिनट भाप में पका कर परोसें।

# शब्द सामर्थ्य- 202

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 201 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | ट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 202

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.201का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल बदल जायेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा । प्रेमी के लिए दिन बढिय़ा है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ हो सकता है।

***वृष :*** आज आपका दिन श्रेष्ठ रहेगा। घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे, इससे उन्हें सफलता मिलेगी।

***मिथुन :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आप अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति होगी ।

***कर्क :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राओं का योग बन रहा है। इससे आपको धन संबंधित फायदा होगा । किसी काम की गति धीमी हो सकती है। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ भी सकती है।

***सिंह :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है। साथ ही उनके साथ बिताएं गए कुछ पल आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनायेंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई जरुरी घरेलू काम निपटाने में आप सफल रहेंगे। प्रेम-संबंध में आपको कोई सुखद सरप्राइज मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर पर जाने से आपको ख़ुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी।

***तुला :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाहमिल सकती है। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहेगा, जिससे काम में मन कम ही लग सकता है। आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। आपका कुछ अच्छा खाने का मन कर सकता है। घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा लोगों के लिए दिन लाभकारी है। उन्हें काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

***मकर :*** आज आपके सभी कष्ट दूर होंगे। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिल सकती है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त हो सकता है। कामकाज की अधिकता आपके सेहत पर असर डाल सकती है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी से कोई उपहार मिलेगा। इससे आपका मन खुश रहेगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता होगी। नौकरी पेशा लोगों को तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है।